# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025

वर्ष 01 | अंक 210 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital


RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## देवी अहिल्याबाई की 230वीं पुण्यतिथि

# आज होंगे भव्य आयोजन, आधे दिन का अवकाश घोषित

इंदौर। देवी अहिल्याबाई होलकर की 230 वीं पुण्यतिथि पर आज शहर में भव्य आयोजन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर परंपरागत लाव-लश्कर के साथ पालकी यात्रा निकाली जाएगी। प्रशासन ने हर वर्ष की तरह इस बार भी आधे दिन का सरकारी अवकाश घोषित किया है। सुबह से ही शहर में धार्मिक माहौल और उत्सव जैसा वातावरण दिखाई दे रहा है। समारोह की शुरुआत अहिल्या उद्यान, राजबाड़ा पर होगी, जहां भानपुरा पीठ के पीठाधीश्वर शंकराचार्य जगदुरु स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ, सदुरु अण्णा महाराज और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के सान्निध्य में 2760 पार्थिव शिवलिंगों का पूजन और रुद्राभिषेक किया जाएगा। संस्था पिछले 20 वर्षों से अहिल्या बाई होलकर की पुण्यतिथि पर यह आयोजन कर रही है। इसके लिए विशेष रूप से मिट्टी से बने शिवलिंग तैयार किए गए हैं और फूलों से सजावट की गई है। सुबह 8 बजे देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण और सामूहिक अहिल्या स्तुति गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद 10 बजे गोपाल मंदिर में प्रतिमा का पूजन कर उन्हें पालकी में विराजित किया जाएगा। यही प्रतिमा परंपरागत पालकी यात्रा में नगर भ्रमण करती है। इन्द्रेश्वर महादेव मंदिर, पंढरीनाथ में भगवान शिवजी का रुद्राभिषेक भी विद्वान पंडितों द्वारा किया जाएगा, जिसमें राष्ट्र की समृद्धि, अच्छी वर्षा और भरपूर फसल की कामना की जाएगी। शाम को गांधी हाल में गुणीजन सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इसके बाद शाम 5.30 बजे पालकी यात्रा निकलेगी, जिसमें झंडासिंह व्यायामशाला, मल्हारी मार्तण्ड अखाड़ा और सेना के पराक्रम एवं शौर्य से जुड़े 'ऑपरेशन सिंदूर' की झांकियां सम्मिलित होंगी। अहिल्याबाई के जीवन प्रसंगों पर आधारित झांकियां भी यात्रा का हिस्सा होंगी। देवी अहिल्या उत्सव समिति की अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक डागा और सचिव शरयू वाघमारे ने बताया कि इस अवसर पर शहरभर में विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रशासन ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित इन आयोजनों में शामिल होकर देवी अहिल्या के आदर्शों और योगदान को नमन करें।





# पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व

## जैन साधुओ एक नियम ले, उनके प्राइवेट ट्रस्ट के रूपिया या ट्रस्टी के पास या ब्याज़ पे दिये हो वो पैसों से साधार्मिक भाईओ को मजबूत करे : हार्दिक हुंडिया

**रणजीत टाइम्स**

मुंबई । अनमोल जैन धर्म मिला है , राजा वर्धमान कुमार सब कुछ त्याग कर के भगवान महावीर बने तो वो भगवान के नाम रूपिया इकट्ठा कर के ओ संतों आप कौनसा धर्म आप हमे सिखा रहे है ? हार्दिक हुंडिया ने धर्म के नाम धंधा करने वाले हर संतो और उनके साथ मिलकर ये काम करने वालो से सवाल किया है की आप ने ये कौनसा धर्म शिखा और हमे शिखा रहे हो ? एक संत के भक्त ने , एक साधु के करोड़ों रूपिया ब्याज़ पे लिया, भक्त का देहांत हो गया, उनके लड़के से साधु ने रुपया मांगा , लड़के ने कहा आप ने जिनको दिया उनके पास जाओ , अब ऐसा जवाब सुन के साधु के होश उड़ गए ! लेकिन ये तो होना ही था ,साधु ने साधु वेश में धर्म के नाम व्यापार किया , ग़द्दारी की , ऐसे साधु के भक्त भी ऐसे ही होगे ??? तू संघों को नुकशान कर मैं तेरा ! जब ऐसे किस्से सुनते है तब बहुत दुख होता है । सोचो , कहा जा रहा है हमारा धर्म ? साधु और श्रावकों की मिली भगत ??? कैसे रुपिया इकट्ठा करना ? कैसे नए नए अनुष्ठान बना के लोगो से धर्म के नाम ख़ुद के प्राइवेट ट्रस्ट में पैसे इकट्ठे करने वाले

### साधु और उनके भक्तों से अब सावधान हो जाओ

साधु के प्राइवेट ट्रस्ट के हिसाब यदि आप खोज करोगे तो साधु के संसारी पिताजी , भाई या उनके परिवार का ही अकाउंट संभालता मिलेगा ! प्राइवेट ट्रस्ट से बना मंदिर , उपाश्रय , धर्म शाला , भोजन साला के मालिक वो साधु ही बन जाते है और उनके कुकर्म जब बाहर आते है तब ये साधु प्राइवेट ट्रस्ट से बने उपाश्रय में जा के छुप जाते है । संघों के पैसा का दुरुपयोग ?

**जागो संघों जागो**

संघों के साधार्मिक भाईओ को मजबूत करो । हार्दिक हुंडिया ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा की कबूतर खाना दादर का मंदिर शायद पहली बार सुबह ८ बजे बाद मुख्य दरवाजा बंद कर दिया था , क्यों ? क्यों की जीवदया के लिये लड़ने वाले जैनों के ख़िलाफ़ आंदोलन था । कहा है हमारी खुमारी ? आज ये आंदोलन , कल कोई और आंदोलन ?क्षत्रीयो का जैन धर्म , राजा महाराजा की खुमारी कहा गई ? ट्रस्ट बनाकर धर्म के नाम ख़ुद का पेट भरने वाले ओ ट्रस्टों के साधुओ , आपने धर्म को धर्म की तरह हमे समझाया होता तो आज हमारी की ये हालत ना होती ? एक साधु , साध्वीजी के साथ रंगरेलियाँ करते पकड़ा गए , फिर भी पाँखण्डी आज भी साधु वेश में बैठा है । दो साधु कुकर्म के कारण जेल में जाने के बाद भी साधु वेश में आज भी बैठे है , ये धर्म के विरुद्ध चलने वाले साधु संसार में होने चाहिये, लेकिन फिर भी साधु वेश में बैठे है ! ये सब प्राइवेट ट्रस्ट का नतीजा है हार्दिक हुंडिया ने देश के तमाम धर्म प्रेमियो से दो हाथ जोड़के बिनती करके कहा है की जो भी प्राइवेट ट्रस्ट खोल के बैठे है वो पैसे से , ओ साधु ओ , यदि आपने भगवान आदिनाथ से लेके भगवान महावीर तक का धर्म शिखा है तो वो परमात्मा का भक्त दुखी ना हो वो देखना आप का पहला कर्तव्य है आप का ये भी कर्तव्य है की ट्रस्टों के जो पैसे , आप के भक्त उपयोग कर रहे है , ब्याज पे घुमा रहे हो तो आप ख़ुद नर्क का दरवाजा खोल रहे है , आप रुक जाओ , ये भव और पर भव दोनों सुधारना हो तो आप प्राइवेट ट्रस्ट बंद करके वो पैसा साधर्मिक भाइयो के उत्थान के लिये लगाओ ये ही उच्च भावनाओ के साथ - हार्दिक हुंडिया।



# वल्लभ वर्षावास 2025 उज्जैन में तपस्या का ठाठ



उज्जैन । राष्ट्रसंत,श्रमण संघ के द्वितीय पट्टधर,प.पू. आचार्य श्री आनंदऋषि जी म.सा.,वर्तमान आचार्य प.पू.डॉ.श्री शिवमुनि जी म.सा.,युवाचार्य प. पू. श्री महेंद्रऋषिजी म.सा. , महाराष्ट्र प्रवर्तक प.पू. श्री कुंदनऋषि जी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी, मालव ज्योति प.पु. श्री वल्लभकुंवर जी म.सा. की सुशिष्या, मालवकीर्ति, उप प्रवर्तिनी पूज्या श्री कीर्तिसुधा जी म.सा आदि ठाणा-4 के पावन सानिध्य में स्वर्णिम चातुर्मास चल रहा है,जिसमे तपस्या का लगा ठाठ लगा हुआ है गतिमान तपस्या दिनाँक 21 अगस्त 2025 को कु.तान्या पवन वनवट के 31-उपवास आगे भी अनवरत जारी हैं। सभी महिला व पुरुष तपस्वी अमर रहे। तपस्वियों को खूब खूब अनुमोदना तपस्वी की जय जयकार कर रहे थे गुरुजी हमारे अंतरनाथ हमने आपे आशिर्वाद से गूंज उठा सारा प्रवचन हाल ।

# राजेन्द्र-जयन्त पारणा महोत्सव 28-29 अगस्त को नगर होगा धर्ममय



## लगभग 200 सिद्धितप की दीर्घ तपस्या एवं मासक्षमण के आठ तपस्वियों के अनुमोदनार्थ वरघोड़ा एवं पारणा जावरा नगर बनेगा तप और त्याग की भूमि

**रणजीत टाइम्स**

रतलाम / जावरा । गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा की क्रियोद्धार पुण्यभूमि जावरा में इस वर्ष चातुर्मास का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन होने जा रहा है। श्री सौधर्म बृहत्तपागच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ एवं भवनिव्वेओ चातुर्मास समिति जावरा के तत्वावधान में राजेन्द्र-जयन्त पारणा महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन युगप्रभावक पुण्यसम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी महाराजा की समुदायवर्ती साध्वी श्री डॉ. अमृतरसा श्रीजी म.सा. साध्वी श्री निरागरसा श्रीजी म.सा. और साध्वी श्री जिनांशरसा श्रीजी म.सा. के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। साध्वी श्री डॉ. अमृतरसा श्रीजी म.सा. की प्रेरणा से 8 वर्ष से लेकर 72 वर्ष आयु वर्ग तक के लगभग 200 आराधकों ने कठिन सिद्धितप की साधना पूरी की है। इन तपस्वियों के अनुमोदनार्थ और नगर में धर्ममय वातावरण के विस्तारार्थ यह आयोजन ऐतिहासिक महत्व का बन गया है।

**28 अगस्त के मुख्य कार्यक्रम**

सुबह 7 बजे महोत्सव का उद्घाटन होगा। 8 बजे बियासना एवं तपस्वियों के पारणे के बाद 8.15 बजे नवकारसी एवं 9 बजे साध्वी श्रीजी का प्रवचन रहेगा। 10 बजे लाभार्थियों का बहुमान एवं 11.30 बजे स्वामीवात्सल्य का आयोजन होगा। दोपहर 1.30 से 4 बजे तक सामूहिक चौबीसी और 4 बजे तपस्वियों का बियासना होगा। सायं 5 बजे स्वामीवात्सल्य तथा रात्रि 7.30 बजे प्रभुभक्ति से दिन का समापन होगा।

**29 अगस्त के मुख्य आकर्षण**

सुबह 7.30 बजे नवकारसी के पश्चात 8 बजे लगभग 200 सिद्धितप की दीर्घ तपस्या एवं मासक्षमण के आठ तपस्वियों के अनुमोदनार्थ वरघोड़ा श्री राज राजेन्द्र वाटिका से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कृषि उपज मंडी प्रांगण (खाचरोद नाका) पहुंचेगी, जहां सम्पूर्ण कार्यक्रम संपन्न होगा। 9 बजे धर्मसभा और प्रवचन के बाद 11.30 बजे 200 सिद्धितप तपस्वियों व तपस्वियों का पारणा ऐतिहासिक दृश्य बनेगा। इसके उपरांत दोपहर 12.15 बजे नवकार मंत्र आराधकों का स्वामीवात्सल्य और शाम 5 बजे स्वामीवात्सल्य होगा।



**नगर का सौभाग्य**

अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ब्रजेश बोहरा ने बताया कि यह आयोजन जावरा नगर के लिए गौरव और सौभाग्य का अवसर है। साध्वी श्रीजी की अमृतवाणी और तपस्वियों के अद्वितीय समर्पण से नगर का वातावरण धर्मरस और भक्ति से सराबोर हो गया है। श्रीसंघ व चातुर्मास समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रावक श्राविकाओं एवं स्नेहीजनों से सपरिवार उपस्थित होकर इस पुण्य आयोजन का लाभ लेने का विनम्र आमंत्रण किया है।

रणजीत टाइम्स



# प्रदूषण बिभाग ने शिवपीरी गुना अशोकनगर मे मनाया पर्यबारण जन जागरूकता कार्यक्रम




शिवपुरी.राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की सलाह पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अशोक नगर एवं शिवपुरी एवं क्षेत्रीय कार्यालय मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजयपुर गुना के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न पर्यावरण जन जागरूकता कार्यक्रम संपादित किए गए आयोग का कहना है एक स्वच्छ स्वस्थ और क्रियाशील पर्यावरण बुनियादी मानव अधिकार आनंद का अभिन्न अंग है प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ हवा में सांस लेने और प्रदूषण मुक्त स्वच्छ जल पीने का अधिकार है आयोग देश की वास्तविक विकासात्मक आवश्यकताओं को प्रभावित किए बिना पर्यावरण प्रदूषण और मानव अधिकारों पर गिरावट के प्रभावों को रोकने न्यूनतम करने और कम करने के लिए परामर्श जारी करता है प्रदूषण फैलाने वाले पर्यावरण कानून का उल्लंघन करने वालों के लिए दंड के संबंध में केंद्र और राज्य सरकार को प्रदूषण फैलाने वालों और पर्यावरण कानून का उल्लंघन करने वालों को प्रभावी और शीघ्र दंड सुनिश्चित करने के प्रयास करने चाहिए. पर्यावरण नियमों की जन सामान्य को जानकारी प्रदान की जाए उक्त सलाह के आधार पर जिला गुना में शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय गुना में पर्यावरण जन जागृति कार्यक्रम संपादित किया गया दिनांक 6 अगस्त 2025 को कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला जज महोदय श्रीमती सोनाली शर्मा पर्यावरण संरक्षण कानून के साथ-साथ मोटर व्हीकल एक्ट एवं पोक्सो एक्ट के बारे में छात्राओं को विशेष जानकारी दी विधिक प्राधिकरण की सचिव जज वंदना त्रिपाठी छात्र-छात्राओं से संवाद किया एवं कोर्ट की प्रणाली विधिक सेवा प्राधिकरण के संबंध में विस्तृत चर्चा की जिला विधिक सेवा सहायता अधिकारी श्री सर्वेश चतुर्वेदी जी ने बताया कि छात्र जीवन में कैसी मानसिकता होती है उसके बारे में और विधिक कानून विधिक प्राधिकरण के संबंध में विस्तृत समझाया प्राधिकरण की ओर से बिना शुल्क के अधिवक्ता नियमानुसार प्रदायित किए जाते हैं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से श्री के बी शर्मा द्वारा विशेष रूप से 3r रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल सिद्धांत को समझाया प्रकृति का दोहन करें शोषण नहीं जितनी आवश्यकता हो उतना उपयोग करें तो प्रदूषण नियंत्रण में हमारी अहम भूमिका होगी श्री जाटव प्राचार्य द्वारा पर्यावरण शिक्षा पर विशेष जोर दियाश्री घनश्याम धाकड़ जी लीगल प्रभारी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गुना के द्वारा आभार व्यक्त किया गया सभी छात्र-छात्राएंविशेष रूप से उपस्थित हुए पर्यावरण अधिनियमों का प्रचार प्रसार किया गया कार्यक्रम का संचालन कृष्ण बल्लभ शर्मा मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया गया उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1974 वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 परिसंकटमय अपशिष्ट प्रबंधन एवं हाथलन नियम 1989 चिकित्सा अपशिष्ट अधिनियम 2016ध्वनि प्रदूषण निवारण नियंत्रण अधिनियम प्लास्टिक अपशिष्ट अधिनियम इत्यादि के बारे मेंजानकारी TSDFएवं CBETF साइट श्री शर्मा ने विशेष रूप से गणेश उत्सव पर पीओपी मूर्ति स्थापित नहीं करने का आवाहन भी किया उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत की अनापत्ति के बिना कोई भी कारखाना स्थापित नहीं होता है विस्तृत जानकारी दी दीकार्यक्रम में लगभग 500 बच्चे उपस्थित रहे विद्यालय की ओर से सभी बच्चों ने कार्यक्रम में बड़ कर हिस्सा लिया जिज्ञासाएं मंच पर रखे इसी क्रम में दिनांक 8 अगस्त 2025 को अशोकनगर जिले में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आवरी में विधि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम पेंटिंग कंपटीशन भी आयोजित करवाया गया इसी प्रकार दिनांक 20 अगस्त 2025 को शिवपुरी जिले के कार्यक्रमों में हैप्पी डेज स्कूल शिवपुरी में पर्यावरण जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया राज्य विधिक सेवा की ओर से सुश्री अंकित शांडिल एवं अधिवक्ता राधा बल्लभ शर्मा उपस्थित रहे एक अन्य कार्यक्रम लॉ कॉलेज शिवपुरी में संपादित किया गया

## बेंगलुरु एंड्योरेंस रन 2025 में इंदौर की नित्या (दीपाली सिंह निरवान) ने किया शानदार प्रदर्शन

इंदौर, — इंदौर की नित्या (दीपाली सिंह निरवान) ने बेंगलुरु एंड्योरेंस रन 2025 में महिलाओं की 24 घंटे की श्रेणी में प्रथम उपविजेता प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन भसीन स्पोर्ट्स द्वारा किया गया। बेंगलुरु एंड्योरेंस रन भारत की सबसे कठिन अल्ट्रा-रनिंग प्रतियोगिताओं में से एक है, जिसमें प्रतिभागियों की मानसिक और शारीरिक क्षमता की परीक्षा होती है। इसमें धावक लगातार 3, 6, 12, 24, 48 और 72 घंटे तक दौड़ते हैं। देशभर से आए अनुभवी अल्ट्रारनर्स के बीच नित्या ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 24 घंटे की महिला श्रेणी में पोडियम फिनिश हासिल की।



### अपनी उपलब्धि पर नित्या ने कहा:

"24 घंटे दौड़ना केवल सहनशक्ति की ही नहीं, बल्कि धैर्य, रणनीति और आत्मविश्वास की भी परीक्षा है। मैं अपने परिवार, मित्रों और इंदौर के प्रशिक्षण समुदाय की आभारी हूँ, जिनके सहयोग से यह संभव हो पाया।" उनकी यह उपलब्धि इंदौर को भारत के अल्ट्रा-रनिंग नक्शे पर प्रमुखता से स्थापित करती है और विशेषकर महिला धावकों को एंड्योरेंस स्पोर्ट्स अपनाने के लिए प्रेरित करती है। बेंगलुरु एंड्योरेंस रन 2025, 14 से 17 अगस्त 2025 के बीच बेंगलुरु स्थित बंजारा'स मंथन में आयोजित किया गया। इसमें देशभर से सैकड़ों धावकों ने भाग लिया।

### बेंगलुरु एंड्योरेंस रन के बारे में

बेंगलुरु एंड्योरेंस रन, भसीन स्पोर्ट्स द्वारा हर वर्ष आयोजित किया जाने वाला भारत का प्रमुख टाइम्ड अल्ट्रा-रनिंग इवेंट है। इसमें धावक 3 से 72 घंटे की विभिन्न श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी सहनशक्ति, दृढ़ता और संकल्प की सीमा को परखते हैं। यह प्रतियोगिता 600 मीटर लंबे ट्रेल लूप पर आयोजित की जाती है।

## सड़क हादसे ने छीनी पुलिस परिवार की मुस्कान, प्रधान आरक्षक नरेंद्र परमार की दर्दनाक मौत से शुजालपुर में शोक की लहर

शाजापुर। जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पुलिस विभाग और एक परिवार से उनकी सबसे बड़ी ताकत छीन ली। शुजालपुर सिटी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक नरेंद्र परमार की मोहम्मद खेड़ा के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वे अपनी पल्सर बाइक से सलसलाई जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक एक ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि नरेंद्र परमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक टक्कर के बाद मौके से भाग निकला। भागते समय उसने लापरवाही में अपने ही एक साथी को भी रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे भी तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने इस पूरे मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रधान आरक्षक नरेंद्र परमार मूल रूप से देवास जिले के रहने वाले थे और वर्तमान में सलसलाई में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे पुलिस विभाग में भी गहरा शोक व्याप्त है। साथी कर्मचारियों ने उन्हें कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार पुलिसकर्मी बताया, जिनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि हादसे की परिस्थितियों की गहन जांच की जाएगी और दोषी को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि सड़कों पर बढ़ते भारी वाहन और उनकी लापरवाह ड्राइविंग आम लोगों की जान के लिए कितनी खतरनाक साबित हो रही है।

संपादकीय

# बैलपोला : मेहनत और ममता का पर्व

भारत की धरती पर खेती केवल अन्न उपजाने का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की संस्कृति है। इस संस्कृति में किसान और उसके बैल का रिश्ता सबसे खास है। बैलपोला का पर्व इसी रिश्ते की पहचान है – जहाँ किसान अपने बैल को न सिर्फ़ साथी मानता है बल्कि परिवार का सदस्य समझकर उसका सम्मान करता है।

गाँव की गलियों में जब रंग-बिरंगे कपड़ों से सजे, घंटियों की झंकार से गूँजते बैल चलते हैं तो दृश्य केवल उत्सव का नहीं होता, यह हमें याद दिलाता है कि धरती की सुनहरी फसल इनकी अथक मेहनत के बिना संभव नहीं। बैल किसान की खुशहाली का आधार हैं और यही कारण है कि बैलपोला पर किसान उनका आभार व्यक्त करता है। आज जब मशीनें खेती के साधन बन रही हैं, तब भी बैल का महत्व कम नहीं हुआ है। छोटे किसानों के लिए बैल अब भी खेत का सहारा हैं। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि आधुनिकता अपनाते हुए भी परंपरा और प्रकृति से जुड़ाव बनाए रखना कितना जरूरी है। बैलपोला केवल बैलों की पूजा का दिन नहीं है, यह दिन हमें श्रम, सहयोग और कृतज्ञता का महत्व समझाता है। जिस समाज में मेहनतकशों का सम्मान होगा, वही समाज सच्चे अर्थों में समृद्ध होगा। बैलपोला की हार्दिक शुभकामनाएँ




## बैतूल कोर्ट परिसर में आईटीबीपी जवान का हंगामा, पत्नी से मारपीट और कर्मचारी पर हमला, वीडियो वायरल होने से मचा बवाल

बैतूल। जिले में उस समय हड़कंप मच गया जब कोतवाली थाना क्षेत्र के न्यायालय परिसर में एक आईटीबीपी जवान ने खुलेआम उत्पात मचाया। तलाक के मामले में सुनवाई के लिए अपनी पत्नी के साथ कोर्ट पहुँचे जवान ने अचानक आपा खो दिया और पत्नी को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। यह नजारा देखकर मौके पर मौजूद लोग दंग रह गए। स्थिति को संभालने के लिए जब न्यायालयीन कर्मचारियों ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो जवान का गुस्सा और भड़क उठा। उसने एक कर्मचारी को पकड़कर जमीन पर पटक दिया, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जवान की इस हरकत से आक्रोशित अन्य कर्मचारियों और लोगों ने उसे पकड़ लिया और मौके पर ही उसकी जमकर धुनाई कर दी। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे मामला और भी चर्चाओं में आ गया है। न्यायालय परिसर जैसे संवेदनशील स्थान पर इस तरह की हिंसा ने सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं पीड़ित पत्नी ने तुरंत कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आईटीबीपी जवान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जवान के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना न केवल परिवारिक विवाद का वीभत्स रूप सामने लाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि गुस्से और हिंसा में इंसान कैसे कानून और अनुशासन की सीमाएं तोड़ सकता है। कोर्ट परिसर में घटी इस घटना ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी है और अब सभी की नजरें पुलिस की आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# अवैध संबंध के चलते हुई थी हत्या पुलिस ने किया पर्दा फाश

रणजीत टाइम्स

थाना हाटपीपल्या में मृतक जीवनसिंह पिता बिहारीलाल कछावा, जाति बंजारा, निवासी ग्राम गुसट की मृत्यु संबंधी सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर उपनिरीक्षक आई.एस. एक्का द्वारा मौके पर पहुँचकर मर्ग क्र. 00/2025 धारा 194 बी.एन.एस.एस. का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। बाद मर्ग जांच में असल मर्ग क्र. 45/2025 धारा 194 बी.एन.एस.एस. पंजीबद्ध किया गया। जांच के दौरान मृतक की पत्नी संतोषबाई, पुत्र सतीश एवं देवर धीरज ने अपने कथनों में बताया कि मृतक जीवनसिंह, कुमेरसिंह, भादरसिंह, छोटूलाल एवं अशोक के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इस दौरान मृतक और कुमेरसिंह के बीच विवाद हुआ तथा उपरोक्त चारों आरोपी मृतक को डुंगरी जंगल की ओर ले गए, इसके बाद मृतक घर नहीं लौटा। अगले दिन मृतक का शव ग्राम डुंगरी में शिवपाल सिंह के खेत पर मिला। जांच के दौरान चश्मदीद गवाहों ने देखा कि कुमेरसिंह ने मृतक पर कुल्हाड़ी से हमला किया तथा भादरसिंह, छोटूलाल और अशोक ने उसका सहयोग किया। बाद में शव को खेत के पास छुपाया गया। संदेहियों से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि मृतक जीवनसिंह का कुमेरसिंह की पत्नी से अवैध संबंध होने के कारण विवाद हुआ था, जिसके चलते चारों आरोपियों ने मिलकर उसकी हत्या की। प्राप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण गर्दन पर गंभीर आघात से C2-C3 वर्टिब्रा फ्रेक्चर एवं करंट लगना बताया गया।

प्राप्त साक्ष्यों, गवाहों के कथनों, पीएम रिपोर्ट एवं संपूर्ण जांच के आधार पर आरोपियों – 1. कुमेरसिंह पिता मेहरबान नाल निवासी ग्राम डुंगरी 2. छोटूलाल पिता बनवतसिंह नाल निवासी ग्राम निमावरा, थाना सिद्धीगंज, जिला सीहोर 3. भादरसिंह पिता घीसू नाल निवासी ग्राम हरनावदा, थाना सोनकच्छ, जिला देवास 4. अशोक पिता सजन नाल निवासी ग्राम डेरिया, थाना हाटपीपल्या, जिला देवास के विरुद्ध प्रथम दृष्टया अपराध धारा 103(1), 238, 3(5) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# एक नजर • इंदौर में अपर कलेक्टर रहते लोकायुक्त ने डॉ. बेडेकर पर एफआईआर दर्ज की थी

## कलेक्टर डॉ. अभय बेडेकर पर एफआईआर दर्ज कराने हेतु सेशन न्यायालय में दायर किया निजी परिवाद

अलीराजपुर- पत्रकारिता पर हुए बर्बर प्रहार और प्रशासनिक शक्ति के दुरुपयोग के विरुद्ध नेता प्रतिपक्ष, नपा परिषद, आलीराजपुर व वरिष्ठ पत्रकार एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधि विक्रम सेन ने कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर और अन्य सह-अभियुक्तों के खिलाफ़ निजी परिवाद दायर कर ऐतिहासिक कानूनी जंग छेड़ दी है।

यह प्रकरण जिले ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की नौकरशाही में भूचाल ला सकता है। इस परिवाद में आरोपी हैं डॉ. अभय बेडेकर कलेक्टर, आलीराजपुर व अन्य अर्धधकारी के खिलाफ, परिवाद में दर्ज धाराएँ भ्रष्टाचार और प्रेस स्वतंत्रता पर हमला सिद्ध करती हैं मुख्य धाराएँ : भारतीय न्याय संहिता 2023- धारा 175(3),198, 201, 257, 318(3), 336 (1) (2) (4), 340(1)(2), 351(1)(2)(3), 258, 335, 338, 356(1)(2), 409, 420, 467, 468, 471, 500, 120B भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 धारा 7, 13 (1) (d), 13(2) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000-धारा 66, 72 जिला बदर प्रतिवेदन में घोर विसंगतियाँ- कलेक्टर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में 14 प्रकरणों का उल्लेख है। इनमें से - 10 प्रकरणों में सन् 2010 में ही दोषमुक्ति (Acquittal) हो चुकी है। 1 फर्जी मैसेज आधारित प्रकरण में क्लोचर रिपोर्ट पुलिस ने प्रस्तुत कर दी थी। अन्य दो प्रकरण भी मैसेज पर आधारित होकर निराधार, तथ्यहीन और खारिज योग्य हैं। एक सन 2017 से इंदौर न्यायालय में लंबित हैं। 8 साल में 4 गवाह भी इसमें नहीं आए हैं। गुजरात सीमा में लादे गए फर्जी प्रकरण में आज दिनांक तक चालान तक पेश नहीं हुआ हैं। उपरोक्त तीन में से दो प्रकरण हाईकोर्ट में खात्मा हेतु दायर हैं। दुर्भाग्य पूर्ण पहलू यह है कि एक मैसेज का प्रकरण भी डॉ अभय बेडेकर ने स्वयं पत्र लिखकर एक सत्य समाचार पर आपत्ति लेकर दर्ज कराया है। विगत 17 वर्ष में इन तीन में से एक भी प्रकरण पर जिले की किसी भी न्यायालय ने चार्ज तक आरोपित नहीं किया है। फिर भी इन्हें सक्रिय अपराध बताकर कलेक्टर ने कूट रचित साजिश रचते हुए रिपोर्ट में विचाराधीन बताते हुए शामिल किया हैं। यह सीधे-सीधे 4 (अनुच्छेद 20 (2)) और विधिक प्रक्रिया का उपहास है। न्यायिक मिसालें मुख्य बिदु (एमपीएससी 2011) पुराने या खारिज प्रकरणों के आधार पर जिला बदर आदेश टिक नहीं सकता।, 1981) मालाफाइड आदेश अनुच्छेद 14 व 21 का उल्लंघन है। जुलाई 2023 इंदौर अपर कलेक्टर रहते लोकायुक्त ने डॉ. बेडेकर पर एफआईआर दर्ज की थी (प्रशासनिक शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप)। आलीराजपुर शाही परिवार ने भी बेडेकर के विरुद्ध भ्रष्टाचार संबंधी आवेदन, दस्तावेज़ और पेन ड्राइव लोकायुक्त में प्रस्तुत किया।, कलेक्टर डॉ. अभय बेडेकर द्वारा विक्रम सेन पर थोपे गए आरोप पूर्णतः मनगढ़ंत, दुर्भावनापूर्ण और असंवैधानिक हैं। यह कार्रवाई पत्रकारिता की स्वतंत्रता, लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला है। इस संबंध में वरिष्ठ पत्रकार विक्रम सेन ने कहा कि यह केवल मेरी लड़ाई नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और स्वतंत्र पत्रकारिता की लड़ाई है।

### पत्रकारिता पर हमला

1000 करोड़ की रियासतकालीन शाही पुश्तैनी संपत्तियों और जन धरोहर के नामांतरण घोटाले का पर्दाफाश करने से बौखलाकर कलेक्टर ने वरिष्ठ पत्रकार विक्रम सेन को जिला बदर कर दिया। यह कार्रवाई न केवल प्रेस स्वतंत्रता का दमन है, बल्कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (डु) (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता),, अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 21 (जीवन व व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का खुला उल्लंघन है।

### प्राथमिक कारण - ?

1000 करोड़ का नामांतरण घोटाला विक्रम सेन ने दस्तावेजों सहित उजागर किया कि आलीराजपुर की ऐतिहासिक धरोहर और शाही संपत्तियों की संदिग्ध वसीयत का नामांतरण महज 16 दिन में कर दिया गया। यह कार्रवाई पचासों आपत्तियों और दर्जनों दस्तावेजों की अनदेखी कर अनियमिता से की गई। सेन ने इसके समाचार प्रकाशित किए और कलेक्टर की भूमिका को बेनकाब किया। इसी प्रतिशोध में जिला बदर की कार्रवाई की गई।

रणजीत टाइम्स 05
इंदौर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

# ध्यान, मस्तिष्कको स्वच्छ कर ऊर्जावान बनाता है



21 अक्टूबर 1990 के अपने एक प्रवचन में परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी ने हमें दिग्दर्शित किया है कि, "आप सभी के पास वह गहराई है। आप सभी के भीतर वह सुंदरता है लेकिन इस बिंदु को देखने के लिए आपको पर्याप्त बुद्धिमान होना चाहिए कि, क्या हमने उस बिंदु को छुआ है? क्या हम उस बिंदु पर खो गए हैं? अब आप आत्मनिरीक्षण करें। मैं जो कह रही हूं उसे दूसरों के बारे में मत सोचो, अपने बारे में सोचो। क्या हमें वह मिल गया है?.....तो क्या हमने अपनी उस खूबसूरत चीज को छुआ है जो हमारे भीतर शाश्वत है? क्या हमने इसे छुआ है? हर पल कितना कीमती है, हर दिन कितना कीमती है। हर साल कितना कीमती है।" श्री माताजी ने अपने अंदर स्थित जिस शाश्वत सौंदर्य की बात की है उसका ध्यान में स्थित होने के बाद साधक को अनुभव होने लगता है। हम बड़ी सहजता से अपने आपको देखने यानि आत्मनिरीक्षण की कला सीख जाते हैं। ध्यान के कारण शरीर की आतंरिक क्रियाओं में विशेष परिवर्तन होते हैं और शरीर की प्रत्येक कोशिका ऊर्जा से भर जाती है। सहज योग पद्धति से ध्यान करने पर हमारे निष्क्रिय नाड़ी व चक्र प्रकाशित होते हैं। उनके गुण हमारे व्यवहार व स्वभाव में उतरने लगते हैं, परमात्मा से जुड़ने का एहसास हमारी आंतरिक ऊर्जा के प्रवाह को तेज कर देता है और इस तरह हमारे शरीर में प्राणतत्व के बढ़ने से हममें प्रसन्नता, शांति और उत्साह का संचार भी बढ़ जाता है। हम अपने आप में बेहद प्रसन्न व उत्साहित हो जाते हैं। दरअसल, ध्यान, मस्तिष्क की तरंगों के स्वरुप को अल्फा स्तर पर ले आता है जिससे चिकित्सा की गति बढ़ जाती है। हमारी छोटी मोटी समस्याएं अपने आप ठीक हो जाती है। मस्तिष्क पहले से अधिक सुन्दर, नवीन और कोमल हो जाता है। ध्यान मस्तिष्क के आतंरिक रूप को स्वच्छ करता है व पोषण प्रदान करता है। जब भी हम व्यग्र, अस्थिर और भावनात्मक रूप से परेशान होते हैं तब कुछ देर ध्यान में बैठने पर ध्यान हमें शांत कर देता है। सहज योग की विधि सरल होने के साथ साथ प्रभावी भी हैं। सहज योग के अभ्यास में साधक को ना तो बहुत मंत्रों को सीखना है ना शारीरिक अभ्यास करना है। सुखासन में बैठकर अपने आंतरिक सौंदर्य को देखने का अभ्यास करना है। जो नाड़ियों को संतुलित करने व चक्रों पर ध्यान से स्वयमेव ही कार्यान्वित हो जाती है। इस अनूठी ध्यान पद्धति से जुड़ने हेतु व आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# समाजसेवी रोशन यादव द्वारा रक्तदान शिविर का महाआयोजन

राजेश धाकड़

लगातार कई वर्षों से अपने जन्मदिवस पर सामाजिक कार्यों को समर्पित करने की परंपरा निभाते हुए युवा समाजसेवी रोशन यादव (गोल्डन मैन) इस वर्ष भी भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे हैं। पिछले 20 से अधिक वर्षों से वे जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविरों की श्रृंखला आयोजित करते आ रहे हैं। यादव हमेशा विशेष रूप से युवाओं (15 से 25 वर्ष) को यह संदेश देते हैं कि हर व्यक्ति को समाज और मानव सेवा में योगदान अवश्य करना चाहिए। यादव से प्रेरित होकर उज्जैन के अनेक युवा भी उनके साथ



मिलकर जिलेभर में रक्तदान शिविर आयोजित करते रहते हैं। वर्षों पहले जब उज्जैन में ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, तब रोशन यादव ने इंदौर में चल रहे रक्तदान अभियानों से प्रेरणा लेकर अपने अथक प्रयासों से लगभग 20 वर्ष पूर्व उज्जैन में पहला ब्लड बैंक शुरू करवाने में अहम भूमिका निभाई। सिंहस्थ के दौरान भी उन्होंने बड़ी संख्या में रक्तदान यूनिट की व्यवस्था कराई थी। इस वर्ष रक्तदान शिविर के बाद गणेश जी की आरती एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित होगा। रोशन यादव ने समाज के सभी जिम्मेदार नागरिकों से अपील की है कि वे भी अपने जन्मदिवस को सार्थक बनाते हुए हर वर्ष रक्तदान एवं वृक्षारोपण करें और मानव सेवा के इस अभियान से जुड़ें।

## इंसानियत ने फिर जीता दिल, पन्ना में बस बनी अस्पताल और ड्राइवर-कंडक्टर बने देवदूत, गर्भवती महिला और नवजात की बची जान

पन्ना। इंसानियत को सलाम करने वाली घटना सामने आई है। जहां सरकारी सिस्टम और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही साफ उजागर हुई, वहीं एक बस ड्राइवर और कंडक्टर की सूझबूझ और मानवता ने एक गर्भवती महिला और उसके नवजात शिशु की जान बचा ली। यह मामला अमानगंज का है, जहां गर्भवती महिला निशा कुशवाहा के परिजन पूरी रात 108 एम्बुलेंस को कॉल करते रहे, लेकिन सुबह तक कोई एम्बुलेंस नहीं पहुंची। मजबूर होकर परिजनों ने बस का सहारा लिया, लेकिन जैसे ही महिला बस में चढ़ी, उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति को देखकर बस के यात्री घबरा गए। किसी ने सुझाव दिया कि महिला को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जाए, लेकिन महिला ने बताया कि डॉक्टरों ने उसे पहले ही जिला अस्पताल जाने की सलाह दी है। ऐसे में बस ड्राइवर सिद्दीक राइन और कंडक्टर आशीष पाल ने साहसिक निर्णय लिया और बस को सीधे पन्ना जिला अस्पताल ले जाने का फैसला किया। उन्होंने यात्रियों की मदद से बस को अस्पताल की तरह बना दिया, पर्दे लगाकर अंदर का हिस्सा पैक कर दिया ताकि महिला को सुरक्षित माहौल मिल सके। इसी बीच प्रसव की प्रक्रिया शुरू हो गई और बच्चे का सिर बाहर निकल आया, जिससे बस में बैठे सभी लोग तनाव और घबराहट में आ गए। लेकिन ड्राइवर और कंडक्टर ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने बस को पूरी रफ्तार से जिला अस्पताल की ओर दौड़ाया और समय रहते अस्पताल के गेट तक पहुंच गए। अस्पताल प्रशासन को पहले ही सूचना दे दी गई थी, जिस पर दाइयों की टीम मौके पर पहुंची और जच्चा-बच्चा को सुरक्षित अस्पताल के अंदर ले गई। डॉक्टरों ने बताया कि मां और बच्ची दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। महिला निशा कुशवाहा ने भावुक होकर कहा कि बस का यह सफर उनके जीवन का सबसे डरावना और यादगार पल था। डर इसलिए क्योंकि अस्पताल पहुँचने से पहले ही बच्चा जन्म ले रहा था, और यादगार इसलिए क्योंकि ड्राइवर और कंडक्टर ने उन्हें जीवन की सबसे बड़ी राहत दी—उनकी बेटी सही सलामत इस दुनिया में आई।

## विधायक आरिफ मसूद के कॉलेज मान्यता प्रकरण की जांच तेज, डीजीपी ने बनाई SIT, राजनीति में गरमाई बहस

भोपाल। मध्य प्रदेश की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। विधायक आरिफ मसूद के इंदिरा प्रियदर्शिनी कॉलेज की मान्यता से जुड़े फर्जी दस्तावेज मामले में अब जांच का दायरा और कड़ा कर दिया गया है। प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना ने उच्च न्यायालय की डबल बेंच के निर्देशों का पालन करते हुए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया है। इस SIT की कमान एडीजी (टेलीकॉम) संजीव शमी को सौंपी गई है, जबकि इसमें डीआईजी छिंदवाड़ा रेंज डी. कल्याण चक्रवर्ती और एआईजी (प्रशिक्षण) पीएचक्यू भोपाल निमिशा पांडे को शामिल किया गया है। यह टीम फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कॉलेज की मान्यता से जुड़े पूरे मामले की गहन जांच करेगी और जल्द ही अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इस कदम के सामने आते ही राजनीति में हलचल तेज हो गई है। बीजेपी विधायक भगवानदास सबनानी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कोर्ट से स्पष्ट दिशा-निर्देश आ चुके हैं और कांग्रेस को भी समय रहते उनका पालन करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो तीखी कार्रवाई की जाएगी। वहीं कांग्रेस ने इस बयान पर पलटवार करने में देर नहीं की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस के मज़बूत नेताओं को निशाना बनाकर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे देश में चुन-चुनकर विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई की जा रही है और यह लोकतंत्र के लिए ठीक संकेत नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोर्ट का कांग्रेस पूरा सम्मान करती है और उसके निर्देशों का पालन करना कांग्रेस की प्राथमिकता है। आरिफ मसूद का यह कॉलेज मान्यता विवाद लंबे समय से चर्चा में है और अब SIT के गठन के बाद इस मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। जहां एक ओर बीजेपी इसे न्यायिक प्रक्रिया के रूप में पेश कर रही है, वहीं कांग्रेस इसे राजनीतिक षड्यंत्र करार दे रही है। अब सभी की निगाहें SIT की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो न केवल इस मामले की सच्चाई सामने लाएगी बल्कि प्रदेश की राजनीति पर भी बड़ा असर डाल सकती है।

महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा गणेशोत्सव

# पुराना नाका के राजा के आगमन की तैयारी जोरों पर

## आकर्षक प्रतिमा, भव्य महाआरती और हजारों भक्तों को महाप्रसादी का प्रतिदिन वितरण

रणजीत टाइम्स

पेटलावद।पुराना नाका के राजा के आगमन पर नगर में उत्साह का माहौल है। 27 अगस्त से गणेशोत्सव प्रारंभ होगा। जिसे लेकर पुराना नाका के राजा इस बार कैसे होगें? इस बात को लेकर आमजन में उत्साह का माहौल है। पुराना नाका के राजा गणेशोत्सव समिति के द्वारा इस बार पुनः गणेशोत्सव को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां प्रारंभ की जा चुकी है। समिति के सभी सदस्य उत्साह के साथ तैयारियों में जुट गये है। साज सज्जा से लेकर सभी व्यवस्थाओं का अलग अलग दायित्व सौंपा गया है। जिसे निभाने के लिए समिति के सदस्यों ने पुरी तैयारियां कर ली है। बैठकों का दौर चल रहा है। पुराना नाका उत्सव समिति की भव्य महाआरती और उसके पश्चात महाप्रसादी के लिए भक्तगण आतुर रहते है।

### उत्सव नहीं महोत्सव के रूप में मनेगा

पुराना नाका के राजा उत्सव समिति इस बार गणेश उत्सव के दस दिवसीय आयोजन को महोत्सव के रूप में मनायेगा। जिसको लेकर पुराना नाका गणेश उत्सव समिति की तैयारी जोरो पर शुरू का गई है। शहर में दस दिवसीय गणेश उत्सव को लेकर पंडाल लगना अभी से शुरू हो गए है। शहर में कई जगह इस वर्ष भी गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश स्थापना की जाएगी । लेकिन एक अलग तरह की पहचान बना चूके पुराना नाका के राजा गणेश समिति द्वारा इस वर्ष इस आयोजन को महोत्सव के रूप में मानने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया है । समिति के सदस्यों ने बताया की इस वर्ष दस दिनों तक अलग अलग तरह के आयोजन किए जायेंगे। प्रतिदिन गणेश भगवान की महाआरती उतारने के साथ विभिन्न प्रकार की प्रसादी का वितरण किया जायेगा। इसी के साथ दस दिनों तक गरबा रास से लेकर सांस्कृतिक आयोजन किए जायेंगे। ज्ञात हो की लगातार 8 वर्षों से पुराना नाका के राजा गणेश उत्सव समिति यह आयोजन कर रही है । हर वर्ष इस आयोजन ने शहर में एक अलग पहचान छोड़ी है।शहरवासियों को इस वर्ष भी भगवान गणेशजी की भव्य प्रतिमा देखने को मिलेगी। इसके लिए भव्य तरीके से पंडाल बनाने का कार्य भी समिति द्वारा शुरू कर दिया गया है।






### विद्युत तारों की परेशानी हुई दूर

शहर के पुराना नाका साई मंदिर के पास पुराना नाका के राजा गणेश उत्सव समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बीते वर्षो से भी इस वर्ष भव्य रूप से गणेश पंडाल सजाया जा रहा है। हर वर्ष बिजली के तारों की वजह से दुर्घटना का भय बना रहता था। जिसे देखते हुवे नगर परिषद अध्यक्ष ललिता योगेश गामड़ और वार्ड के पार्षद अनुपम भंडारी को समिति के सदस्यों ने अपनी समस्या के बारे में बताया। अध्यक्ष और पार्षद ने तत्परता दिखाते हुवे विद्युत विभाग से संपर्क कर समस्या का हल किया। जिस पर समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष, पार्षद और विद्युत विभाग का आभार माना।

## पेटलावद पुलिस द्वारा भैंस चोरी करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

रणजीत टाइम्स



पेटलावद।थाना प्रभारी पेटलावद निरीक्षक श्री निर्भय सिंह भूरिया एवं चौकी प्रभारी सारंगी उप निरीक्षक श्री दीपक देवरे के नेतृत्व में गठित टीम ने पशु चोरी के मामले में बड़ी सफलता प्राप्त की है दिनांक 18-19 अगस्त 2025 की मध्य रात्रि में ग्राम सारंगी निवासी फरियादी राहुल पाटीदार की दो भैंस, जिनकी कुल कीमत 1,50,000/- है, अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ली गई थी। मामले में अपराध क्रमांक 322/20.08.2025 धारा 305, 331(4) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दोनों भैंसें बरामद की गईं।सराहनीय कार्यःइस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी पेटलावद निरीक्षक श्री निर्भयसिंह भूरिया, चौकी प्रभारी सारंगी श्री दीपक देवरे, सउनि कमलेश परिहार, प्रधान आरक्षक मुकेश सोलंकी, प्रधान आरक्षक केमता चौहान व आरक्षक पंकज राजावत की अहम भूमिका रही।

## पर्युषण महापर्व पर वधशालाए बंद रखीं जाएं

रणजीत टाइम्स

**इंदौर। समग्र जैन समाज के पर्वो में महापर्व पर्युषण पर्व पर अहिंसा,जीव दया दृष्टिगत रखते हुए दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, विश्व जैन संगठन जिन शासन एकता संघ के प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि संमग्र जैन समाज के पर्युषण पर्व के दौरान शहर की सभी वध शालाएं बंद करवाई जाए . तारीख 20/8/25 से 10/9/25 तक शहर की सभी वधशालाओं को नगर निगम महापौर परिषद् बंद रखवाएं । दद्दू ने कहा कि विश्व को अहिंसा और जिओ और जीने दो का एवं अहिंसा परमोधर्म का अमर संदेश देने वाले वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी ने शाकाहार में विश्वास रखने वाले सभी समाज एवं धर्मालुजनों को शाकाहार का संदेश भी विशेष रूप से दिया है संगठन के मंयक जैन ने भी पुनः आग्रह करते हुए कहा कि समस्त नॉन वेज फ़ूड संचालक और वधशाला संचालक आगामी 20 अगस्त से 10 सितंबर तक अवकाश रखें।**

# अ.भा. बलाई महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को जान से मारने की धमकी पर समाजजनो ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

रणजीत टाइम्स

नागदा जं । राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय बलाई महासंघ श्री मनोज जी परमार को मिल रही जानलेवा धमकियों के संबंध में कठोर कार्यवाही एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन समाजजनो द्वारा नागदा एसडीएम को सौपा। ज्ञापन में बताया कि अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोज जी परमार को विगत कई दिनों से कुछ असामाजिक व कट्टरपंथी तत्वों द्वारा लगातार फोन कॉल एवं सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से जान से मारने की गंभीर धमकियों दी जा रही हैं। यह स्थिति अत्यंत निंदनीय, आपराधिक एवं कानून-व्यवस्था के लिए सीधा खतरा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए माननीय कमिश्नर महोदय एवं उप पुलिस अधीक्षक महोदय को भी आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है, किंतु अत्यंत खेद है कि अब तक इस विषय पर कोई ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है।



ज्ञापन में बताया कि मनोज जी परमार न केवल एक समाजसेवी एवं राष्ट्रहितैषी नेता हैं, बल्कि शोषित, वंचित एवं गरीब वर्गों की आवाज़ को बुलंद करने वाले निर्भीक व्यक्तित्व हैं। उनके ऊपर ऐसी आपराधिक धमकियों पूरे समाज को दहशत में डालने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को चुनौती देने के समान हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रकरण की तत्काल उच्चस्तरीय जाँच कर दोषी तत्वों को गिरफ्तार कर कठोर दंड दिया जाए व श्री मनोज जी परमार को शीघ्रातिशीघ्र शासकीय स्तर पर विशेष सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए इसके साथ ही इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाएँ। उचित कार्यवाही नहीं होने पर समाज में गहरी नाराज़गी एवं असंतोष फैलेगा। इस गंभीर प्रकरण पर तत्काल संज्ञान लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई।

इस अवसर पर अखिल भारतीय बलाई महासंघ प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश परमार नागराज के नेतृत्व मे सर्व समाज जनों ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक मालवीय हिंदू नेता रमेश प्रजापति मोनू ठक्कर मनीष व्यास पार्षद वासुदेव चौहान पूर्व जनपद सदस्य रणछोड़ गुजराती सरपंच भारत निंबोला बलाई महासंघ जिला अध्यक्ष संगीता डिंगोरियां नगर अध्यक्ष दिपिका चौहान जीवन सिंह पवार खुमान सिंह अंतर बन्ना संजय राठौर गीदवानिया जयश परमार प्रेम चौहान भूरू चौहान दशरथ निंबोला दीपू मालवीय दीपक चौहान बद्री लाल मालवीय राहुल परमार खुमान सिंह दीपक राठौड़ सुनील सोनार्थी दीपक मालवीय सुनील राठौर धर्मेंद्र सिंह पवार रवि निंबोला रतन भटेरा दिनेश चौहान ऋतिक बाबू राठौर उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन प्रेम चौहान ने किया।

# जिला डायग्नोस्टिक दल ने किया ग्रामों का भ्रमण



रणजीत टाइम्स

उज्जैन//खाचरोद।। 21 अगस्त। उपसंचालक कृषि एवम किसान कल्याण ने जानकारी दी कि कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला डायग्नोस्टिक दल के द्वारा गुरुवार को विकासखंड खाचरोद के ग्राम उमरना, उमरनी, कंचनखेड़ी, भैंसोला, बुरानाबाद आदि ग्रामों में भ्रमण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के कुछ कृषकों द्वारा अवगत कराया गया कि सोयाबिन की फसल में कहीं-कहीं पर पीला मौजक बीमारी लग रही है। जानकारी प्राप्त होते ही कृषि विभाग की टीम एवं डायग्नोस्टिक दल, कृषि वैज्ञानिक के साथ ग्रामों उमरना, उमरनी, कंचनखेडी, भैंसोला, बुरानाबाद आदि में जाकर निरीक्षण किया। जिसमें सोयाबीन की फसल में पीला मोजैक बीमारी के लक्षण कहीं भी नहीं दिखाई दिए। लेकिन सीमित क्षेत्र में सोयाबीन फसल में एन्थेक्नोज एवं लीफ स्पॉट के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। एन्ट्रेक्नोज की वजह से फसल में पीलापन दिखाई दे रहा है, जिसको किसान पीला मौजक बीमारी समझ रहे है। यह नियंत्रण योग्य है जिसके लिए वैज्ञानिक दल द्वारा निम्न दवाइयां के छिड़काव की सलाह दी गई है।

1) संक्रमित पौधे को उखाड़कर गड्ढे में दबा देना चाहिए।

2) 1 फ्लूक्सापाइरोक्साइड 167 ग्रा/ली+ पाईरोक्लस्ट्रोबिन 333 ग्रा/ली SC 300 मि. ली/हेक.500 लिटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। ऐसी सलाह किसानों से चर्चा कर और वैज्ञानिक के द्वारा किसानों को नियंत्रण हेतु दी गई।

# माटी गणेश, सिद्ध गणेश प्रतिमाए बनाने का दिया प्रशिक्षण

रणजीत टाइम्स

खरगोन । माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा खरगोन जिले के भीकनगांव में जन अभियान की ब्लाक इकाई द्वारा सीएमसीएलडीपी विद्यार्थियों, प्रसफुटन समितियां एवं नवां कुर समितियों के सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए स्वयं मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमाएँ बनाने का प्रशिक्षण जनपद सभाग्रह में दिया गया। यह प्राशिक्षण लोकेश मालवीय द्वारा लोगो को माटी के गणेश प्रतिमा बना कर भी दिखाई गई। मालवीय ने बताया कि विगत 10 वर्षो से माटी के गणेश प्रतिमाएँ बना रहे और अन्य लोगो को भी पर्यावरण संरक्षण में माटी के गणेश की प्रतिमा बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



# परमात्मा के बताए मार्ग पर चलना श्रावक के कर्तव्य

रणजीत टाइम्स

राणापुर । श्रावक के 5 कर्तव्य के अंतिम अठम तप ओर चैत्य परिपाटी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें जैन धर्म ओर जैन कुल प्राप्त हुआ हे यह हमारे पूर्व में किए गए पुण्य कर्म का प्रतिफल हे किन्तु अगले भव को सुधारना हे तो हमें तप जप में शरीक होना पड़ेगा।परमात्मा ने वर्ष भर पूजा अर्चना ओर स्वाध्याय करने का कहा हे पर यदि हम न कर पाए तो चातुर्मास के 4 महीने तप जप करे और यदि ये भी संभव न हो तो पर्यूषण के आठ दिन दिए हे इन आठ दिनों में तो निश्चित धार्मिक क्रियाओं से पुण्य उपार्जन करना हे।अंतिम दिन एक विशाल शोभायात्रा ( चैत्य परिपाटी ) निकलना चाहिए जिसमें हमें संघ की एक जुटता दिखाना चाहिए और हमारे संदेश लोगो तक पहुंचना चाहिए।उक्त उद्गार तीर्थांक अदानी से राजेंद्र भवन में पर्यूषण के दूसरे दिन व्यक्त किए। तीर्थांक ने कहा कि हम रेल या हवाई जहाज से यात्रा करते वक्त हजारों रुपयों से टिकिट खरीदने के बाद भी उन्हीं के नियमों का पालन करते हे तो हमें धर्म के हर कामों में परमात्मा के। बताए मार्ग पर चलना चाहिए न कि अपने अनुसार। तीसरे दिन परमात्मा का 13 द्रव्यों से शास्त्रीय अभिषेक होगा



जिसमें सेठ,सकलेचा,नाहर,सियाल परिवार ने लाभ लिया हे। सुबह की पूजन ललित समीरमल जी सकलेचा, तरुण सकलेचा ने लिया।

# ए बी वी पी नगर इकाई मक्सी की नवीन कार्यकारिणी घोषित

रणजीत टाइम्स

**मक्सी/अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मक्सी की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमे शाजापुर भाग संयोजक आदित्य जी राठौर द्वारा नवीन घोषणाएं की गई। जिसमे नगर अध्यक्ष पुनः श्री जॉनसन डेविड और नगर मंत्री श्री सुजल मंडलोई को बनाया गया।**

उपाध्यक्ष सुश्री नेहा भावसार, श्री राहुल कुमार वर्मा को बनाया गया। एवं कार्यकारिणी में नगर सह मंत्री इशिका पाटीदार, सुजल पांचाल, संजय झाला एवं हिमांशु मंडलोई नगर महाविद्यालय प्रमुख अंशु लोधी, विवेक लोधी, सोशल मीडिया प्रमुख सोनू सुनानिया , पूजा मालवीय, sfd प्रमुख



आयुष जी,sfs प्रमुख आयुष मंडलोई, भरत गुर्जर,कलामंच प्रमुख नंदनी लोधी,, विद्यालय प्रमुख अर्पित मोदी, अर्पित वाराणसिया, खेलो भारत प्रमुख हरिओम पटेल सदस्य तनु लोधी, काजल लोधी, यशु लोधी, अनिकेत ठाकुर, कान्हा पटेल, वैभव पटेल, अश्विन मंडलोई, कुलदीप आरोल, रितेश पटेल,गोविंद जाने,पीयूष पटेल,राहुल मंडलोई, हंसराज परिहार, तनिष्क सोलंकी, अनुराग ठाकुर, गगन लोधी, पीयूष परिहार,आयुष परमार, नमन परिहार,जितेंद्र पटने,उज्वल वाराणसिया आदित्य मंडलोई , एल्कार राजपूत,सुमेर राजपूत, प्रीतम सिंह सुमित राव, माधव पाटीदार, दीपांशु चौहान,कुणाल वर्मा नियुक्त किए गए एवं मौसम मंडलोई अंकित धाकड़ को भी पदाधिकारी नियुक्त किया

# लव जिहाद के खिलाफ शक्ति सम्मेलन





**आदित्य शर्मा- 8224951278**

इंदौर फूटीकोठी स्थित पुखराज पैलेस में लव जिहाद के खिलाफ मातृशक्ति को समर्पित "शक्ति सम्मेलन" का आयोजन किया गया। आयोजन में हजारों की संख्या में बालिकाएं और मातृशक्तियां उपस्थित हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. माला ठाकुर (प्रांत उपाध्यक्ष, विश्व हिन्दू परिषद) एवं विशेष अतिथि मोहित सेंगर (प्रांत संगठन मंत्री, मालवा प्रांत, हिन्दू जागरण मंच) रहे।

मुख्य वक्ता डॉ. माला ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाएँ अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बने मित्रों की जानकारी अपने परिजनों से साझा करें। माता-पिता और शिक्षकों से कोई भी बात छुपाएँ नहीं। स्वभाषा, स्वधर्म और स्वदेशी पर गर्व करना चाहिए तथा धर्म को अपने आचरण में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि लव जिहाद की मुख्य घटनाओं में सदैव इस्लामिक कट्टरपंथियों की भागीदारी रही है। विशेष अतिथि मोहित सेंगर ने अपने उद्बोधन में गजवा-ए-हिंद और लव जिहाद की बढ़ती समस्या पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लव जिहाद राष्ट्रहित के लिए एक बड़ा खतरा है और इसकी भयावहता को देखते हुए इसे आतंकवाद की संज्ञा




दी जानी चाहिए। सम्मेलन में प्रतिभावान बालिकाओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देने वाली मातृशक्ति का शील्ड व माला पहनाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम संयोजक के रूप में अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने स्वागत भाषण देकर अतिथियों का अभिनंदन किया और मातृशक्ति की भूमिका को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस गैर राजनितिक आयोजन में लगभग 2000 बालिकाओं ने सहभागिता की कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना के साथ प्रारम्भ हुआ। 1992 के दंगों में बंबई बाजार में सर्च ऑपरेशन के दौरान अपने sp अनिल धस्माना की जान बचाने वाले हेड कांस्टेबल शहीद छेदीलाल दुबे की धर्मपत्नी इंद्रा जी दुबे का शॉल श्री फल से अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। ततपश्चात् शिव तांडव, महाभारत और देश भक्ति के गीतों पर बच्चियों ने शानदार प्रस्तुतियां दी। साथ विभिन्न अखाड़ों से आई हुई महिला पहलवानो ने मंच पर करतब दिखाए, साथ ही तलवारबाजी,बनेटी, पटा,और कराते, ताइकांडो, और भी विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन बालिकाओं द्वारा किया गया। आयोजन में पधारी सभी बालिकाओं को हनुमान चालीसा और उपहार स्वरूप लंच बॉक्स दिए गए।अंत में राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के सचिव राजेश जी महाजन, सुनीता ठाकुर रेणु सिसोदिया, संगीता पाटोदी,अनुराधा वैध, राजकुमारी सोनी, रेखा सोलंकी,राजकुमारी गोयल, डॉ लता मालवीय, लता वर्मा, शिवानी तंवर,नर्मदा गुर्जर, विमला भंडारी, सिमरन भंडारी, सरिता सानकले ममता चौहान छाया सिरसात, पायल विश्वकर्मा, अश्विनी सिरसात, ऋषिता गुर्जर, ममता निगम, ज्योति परमार, सहित सेकड़ो की संख्या में महिला कार्यकर्ता एवं अखिल भारतीय बलाई महासंघ के कार्यकर्ता मौजूद थे।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ। टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स